समाचार

महापौर ने आत्मानंद स्कूल पम्प हाउस में छात्र–छात्राओं को दिलाई स्वच्छता शपथ

(स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत निगम क्षेत्र के 32 विद्यालयों में जनप्रतिनिधियों द्वारा छात्र–छात्राओं को ग्रहण कराई गई स्वच्छता शपथ)

कोरबा 01 अक्टूबर 2024 –महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने आज स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत नगर पालिक निगम कोरबा के वार्ड क्र. 14 पम्प हाउस स्थित आत्मानंद स्कूल में छात्र–छात्राओं को स्वच्छता शपथ ग्रहण कराई तथा शहर को साफ–सुथरा रखने, स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने का संकल्प दिलाया, वहीं निगम के 32 विद्यालयों में कार्यक्रम आयोजित कर पार्षदों, जनप्रतिनिधियों की विशेष उपस्थिति में छात्र–छात्राओं को स्वच्छता शपथ दिलाई गई।

यहॉ उल्लेखनीय है कि शासन के निर्देशों के तहत कलेक्टर श्री अजीत वसंत के मार्गदर्शन एवं निगम आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई के दिशा निर्देशन में '' स्वच्छता ही सेवा अभियान '' के तहत स्वच्छता पखवाड़े का सफल आयोजन किया गया। विगत एक पखवाड़े से नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र के अंतर्गत आयोजित विभिन्न स्वच्छता गतिविधियों व कार्यक्रमों की अगली कड़ी के रूप में आज निगम क्षेत्र के विद्यालयों में छात्र–छात्राओं को स्वच्छता शपथ ग्रहण कराए जाने एवं साफ–सफाई के प्रति उन्हें प्रोत्साहित व मार्गदर्शन करने के कार्यक्रम आयोजित किए गए। महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने वार्ड क्र. 14 पम्प हाउस स्थित आत्मानंद स्कूल में छात्र–छात्राओं को स्वच्छता शपथ ग्रहण कराई। इसके साथ ही 32 अन्य विद्यालयों में वहॉ के स्थानीय पार्षदों व जनप्रतिनिधियों द्वारा छात्र–छात्राओं को शपथ ग्रहण कराई गई।

शहर की स्वच्छता हेतु सभी का सहयोग आवश्यक – इस अवसर पर महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने छात्र–छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि मानव जीवन में स्वच्छता का अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है, अच्छे स्वास्थ्य के लिए स्वच्छता जरूरी है, गंदगी से विभिन्न बीमारियॉ पैदा होती है, बीमारियों से बचने के लिए अत्यंत आवश्यक है कि हम स्वच्छता को अपनाएं, साफ–सफाई के प्रति सजग रहें। उन्होने कहा कि शहर की स्वच्छता में सभी का सहयोग अत्यंत आवश्यक है, हम सभी का दायित्व है कि हम अपने घर, गली, मोहल्ले, वार्ड, बस्ती एवं शहर को साफ–सुथरा रखने में अपनी महती भूमिका निभाएं, गंदगी न करें तथा दूसरों को भी गंदगी न करने दें।